# सर्वाधिक कर जमा करने वाली पांच फर्मों को उत्कृष्ट योगदान के लिए भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया




**नितिन कुमार सिंह, 29 जून, बागपत।** दानवीर शिरोमणि भामाशाह की जयंती के अवसर पर उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट सभागार में 'व्यापारी कल्याण दिवस' का आयोजन जिलाधिकारी अस्मिता लाल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी एवं संयुक्त आयुक्त राज्य कर, रेंज-बी मेरठ श्रीमती अनिता गर्ब्याल सहित राज्य कर विभाग के अधिकारी, व्यापार मंडल के पदाधिकारी, उद्यमी, व्यापारी एवं अधिवक्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद बागपत में सर्वाधिक कर जमा करने वाली पांच प्रमुख फर्मों, थिंक गैस बागपत प्राइवेट लिमिटेड, बली, भारत ऑटो एजेंसी, बड़ौत, चौधरी एसोसिएट, ग्राम तिलवाड़ा, चौधरी फोम हाउस बागपत व एस.बी.ई.सी. शुगर लिमिटेड, ग्राम मलकपुर को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया।

जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने सम्मानित करदाताओं को बधाई देते हुए कहा कि करदाता एवं व्यापारी देश और प्रदेश के आर्थिक विकास के प्रमुख आधार हैं। ईमानदारी से कर अदा करने वाले व्यापारी राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा शासन ऐसे करदाताओं को सम्मानित कर उनके योगदान को प्रोत्साहित कर रहा है।

इस अवसर पर उपायुक्त राज्य कर राजेन्द्र प्रसाद चौरसिया, सहायक राज्य कर अधिकारी शशि प्रकाश, सहायक आयुक्त सचल दल इकाई गगन बिहारी, व्यापार मंडल बागपत के जिला अध्यक्ष अभिमन्यु गुप्ता, टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधीर जैन सहित अनेक व्यापारी, उद्यमी एवं अधिवक्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य कर अनुपालन को बढ़ावा देना तथा व्यापारियों के योगदान के प्रति सम्मान व्यक्त करना रहा।

# किसी ने पेट्रोल डालकर आग लगा 16 लाख रुपये का नुकसान किया



**नितिन कुमार सिंह, बागपत।** सुक्रमपाल पाल कश्यप पुत्र श्री श्याम सिंह कश्यप निवासी ब्राह्मण पुट्टी, किसान चौधरी चरण सिंह निवासी गांव गाधी का कोल्हू गांव गाधी में किराये पर लेकर चलता है। सुक्रमपाल कश्यप ने बताया कि 28 जून 2026 की देर रात्रि लगभग 11 बजे किसी ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी। मोके पर शराब की बोतल भी पड़ी मिली। । उसी समय बागपत पुलिस की एक फेंटम यहाँ पर गस्त कर रही थी। पुलिसकर्मियों ने तुरंत फायर ब्रिगेड और हमे सुचना दे मोके पर बुलाया। फायर बिर्गेड ने मौके पर पहुंच लगभग चार घंटे में आग पर काबू तो पाया लेकिन तब तक सब कुछ जलकर राख हो चुका था। आग खोई के चारो तरफ लगाई गयी थी।

मोके पर मौजूद सोकिंद्र कश्यप ने बताया कि आग खोई के चारो तरफ लगाई गयी थी। अगर दो सौ कुंतल खोई भी जली और एक कीमत आठ सौ रुपये कुंतल खोई भी लगाए तो कम से कम 16 लाख रुपये का नुकसान है।

सुभाष चंद कश्यप, पूर्व सांसद प्रत्याशी बागपत लोकसभा ने बताया कि कश्यप समाज के लोग बहुत मेहनती होते है। जब भी ये अपना काम अच्छे से आगे बढाते हैं। ईर्ष्या में कुछ दबंग किस्म के लोग किसी न किसी तरीके से हानि पहुंचाते रहते है जिससे गरीब कश्यप देश की मुख्यधारा में शामिल न हो सके। यह एक गांधी गांव की कहानी नहीं बल्कि जगह यही हो रहा है। देश की सरकार भी नहीं चाहती कि गरीब कश्यप समाज के लोग आगे बढे।

भाजपा सरकार ने तो वर्ष 2000 में गरीबो के 27 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण में कुछ दबंग सक्षम जातियों को जोड़ इनके पीढ़ी दर पीढ़ी बच्चो के भविष्य की रीढ़ भी तोड़ दी। 1995 में इनके मंडल कमीशन का विरोध भी भाजपा ने ही किया था। पुलिस प्रशासन व सरकार इन सबको जानबूझकर बढ़ावा दे रही है जिससे कि गरीब लोग देश की मुख्य धारा में शामिल न हो सके।

कोशिश करो तैयार रहो सेवा करो